Statement

Average Retail prices of Selectee Commodities in February, 90, March, 90, April, 90, May, 90, and June 90

(Rs ■ per kg.)

Commodities	February	March	April	May	June	%age *variation* [June-Feb)
1	2	3	4	5	6	7
Rice	4.16	4.14	4.18	4.18	4.26	+2.4
Wheat	2.91	2.84	2.89	2.96	2.88	-1.0
Sugar	8.55	8.60	8.85	8.54	8.70	+1.8
Groundnut oil	25.67	26.72	27.55	28.00	30.64	+19.4
Mustard oil	21.28	21.97	23.69	23.29	25.51	+19.9
Vanaspati	27.50	28.20	30.24	31.06	32.59	+18.5
Tea	46.91	51.08	54.07	53.58	55.93	+19.2
Kerosene oil	2.43	2.45	2.60	2.54	.2.55	+4.9

कृषि आदानों की कीमतों में वृद्धि

530. **श्रीमती कैलाशपतिः** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 दिसम्बर, 1989 के "ट्रिब्यून" में "इनपुट्स कोस्टलियर इन फार्म सेक्टर" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या सरकार ने कृषि क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहे लागत मूल्य का किसी विश्वसनीय सरकारी संस्थान से आकलन कराया है;

(ग) यदि हां, तो कब और उसके निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "ना" हो, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में कब तक आकलन कर लिए जाने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार): (क) जी, नहीं।

(ख) मुख्य फसलों की खेती की लागत का अध्ययन करने की एक व्यापक योजना 1970-71 से चल रही है और यह योजना देश के 16 राज्यों में सामान्य/कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि जिंसों के उत्पादन की लागत के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं और संबंधित लागत अनुमान वैज्ञानिक विधि से तैयार किये जाते हैं। ये लागत अनुमान कृषि जिन्सों के उत्पादन की लागत का सतत मूल्यांकन सुलभ कराते हैं।

(ग) कृषि जिन्सों के उत्पादन की लागत में वृद्धि का रूख प्रतीत होता है जो अर्थ-व्यवस्था की अग्रम मूल्य वृद्धि के अनुरूप है।

(घ) लागू नहीं होता।

वाराणसी होकर पटना-दिल्ली के बीच नई रात्रिकालीन रेलगाड़ी चलाने का प्रस्ताव

531. **डा॰ रत्नाकर पाण्डेयः** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वाराणसी होकर पटना-दिल्ली के बीच एक नई रात्रिकालीन रेलगाड़ी शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक ले लिये जाने की संभावना है?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीस): (क) जी हां।

(ख) कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।